तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 28. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 23 अप्रैल 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

सड़क पर सड़ रहा नाली का मलबा गंदगी और दुर्गंध से नगरवासी हलाकान 4



## खबर संक्षेप

### सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन कल

**जांजगीर-चांपा।** पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सभा का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ, जो ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्वशासन की सशक्त नींव का प्रतीक है। इसी के तहत 24 अप्रैल 2026 को सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। विशेष ग्राम सभा के अंतर्गत ग्राम के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

### सुशासन तिहार : ग्राम पंचायत एवं वार्डवार आयोजित होंगे शिविर

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार "सुशासन तिहार 2026" के अंतर्गत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए "जन समस्या निवारण शिविर" का आयोजन किया जाएगा । कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने शिविरों में आम नागरिकों की शिकायतों का मौके पर निराकरण, शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायतों में 2 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के सरखों क्लस्टर में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सरखों में शिविर आयोजित होगा। इस क्लस्टर में सरखों, करमंदी, तेन्दूभांठा, खोखसा, सिवनी, पाली, कन्हाईबंद, बोड़सरा, मरकाडीह, हाथीटिकरा, बनारी, खोखरा, पुटपुरा, पेण्ड्री (जां.), धाराशिव (खो.), मेंहदा, सेवई, कुटरा, कुथुर ग्राम पंचायतें शामिल हैं। 5 मई को जनपद पंचायत पामगढ़ के सेमरिया क्लस्टर में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में शिविर लगेगा, जिसमें सेमरिया, कोनार, मुलमुला, नंदेली, भैंसो, झिलमिली, कोसा, डिघोरा, बोरसी, जेवरा, कोसीर, केसला, झूलन, चोरभट्ठी, खपरी, जोगीडीपा, पचरी, लगरा, सिल्ली, चण्डीपारा पंचायतें शामिल हैं।

### क्रिकेट समर कैंप 25 से, रणजी खिलाड़ी और विशेषज्ञ कोच देंगे प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन जांजगीर-चांपा द्वारा क्रिकेट समर कैंप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप आगामी 25 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा, जिसका आयोजन रोजाना सुबह 6 बजे से पेंड्री स्थित मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। इस कैंप में जांजगीर-चांपा सहित अन्य जिलों के खिलाड़ी भी शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकते हैं। कैंप में प्रवेश के लिए खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन में अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा, जिसके लिए पंजीयन फॉर्म सीधे खेल मैदान, एसोसिएशन के कार्यालय अथवा सोनू स्पोर्ट्स जांजगीर से प्राप्त किए जा सकते हैं। इस वर्ष समर कैंप की सबसे खास बात यह है कि स्थानीय कोचों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के लेवल-1 कोच, पूर्व रणजी ट्रॉफी प्लेयर और वर्तमान में रणजी खेल रहे खिलाड़ियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। ये अनुभवी खिलाड़ी कैंप में शामिल होने वाले युवाओं को खेल की बारीकियां सिखाएंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। यह समर कैंप पूर्णतः निशुल्क रहेगा ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिले।

## पीएम आशा योजना में किसानों को मिल रहा समर्थन मूल्य का लाभ

# रबी फसल बेचने जिले के 391 किसानों ने कराया पंजीयन, अब तक 51 ने बेचा दलहन- तिलहन

### समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए बनाए गए 4 उपार्जन केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना (पीएम आशा ) के अंतर्गत जिले में रबी फसल के चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी की जा रही है। किसान समर्थन मूल्य पर दलहन और तिलहन फसल की बिक्री कर रहे हैं। इसके लिए जिले में 4 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। योजना का लाभ लेने जिले के 391 किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक चारों उपार्जन केंद्रों में 51 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं।

नाफेड द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में अधिसूचित चना फसल को समर्थन मूल्य 5875 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर को 7000 रुपए प्रति क्विंटल एवं सरसों को 6200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। पी एम आशा योजना के तहत जिले में चना एवं मसूर की खरीदी 1 मार्च से शुरू हुई है जो 30 मई तक चलेगी। इसी तरह सरसों की खरीदी 15 फरवरी से शुरू हुई है जो 15 मई तक की जाएगी। अब तक चारों उपार्जन केंद्रों में कुल 51 कृषकों से 14 क्विंटल चना , 2 क्विंटल मसूर और 74 क्विंटल सरसों की खरीदी की जा चुकी है। योजना के तहत पंजीकृत किसान कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर चना, मसूर एवं सरसों फसल को निर्धारित उपार्जन केंद्र सेवा सहकारी समिति जांजगीर, पामगढ़, बम्हनीडीह एवं अकलतरा में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेच रहे हैं। जिले में 391 कृषकों द्वारा इस योजना में पंजीयन कराया गया है। इनमें चना फसल लगाने वाले 117 कृषक, मसूर लगाने वाले 18 कृषक एवं सरसों लगाने वाले 56 कृषक शामिल हैं। अब तक चारों उपार्जन केंद्रों में कुल 51 कृषकों से 14 क्विंटल चना , 2 मसूर क्विंटल और 74 क्विंटल सरसों की खरीदी की जा चुकी है। चना, मसूर और सरसों फसल ब्रिकी के लिए शेष पंजीकृत किसान अपना मोबाईल नम्बर, आधार कार्ड एवं एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन पावती ई-समृध्दि पोर्टल पर पंजीयन पावती के साथ अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क स्थापित कर अधिसूचित समितियों विकासखंड अकलतरा के कृषक सेवा सहकारी समिति अकलतरा, विकासखंड नवागढ़ एवं बलौदा के कृषक सेवा सहकारी समिति जांजगीर तथा विकासखंड बम्हनीडीह के कृषक सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह एवं विकासखंड पामगढ़ के कृषक सेवा सहकारी समिति पामगढ़ में बेच सकते हैं ।

### क्या है उद्देश्य

पीएम आशा योजना का पूरा नाम 'प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान' है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उन्हें एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का लाभ दिलाना है। यह योजना मुख्य रूप से तिलहन- दलहन के उत्पादकों के लिए है।

### पामगढ़ ब्लाक के साईनिंग स्टार स्कूल का मामला

# फीस नहीं पटाने पर परीक्षा से किया वंचित, जांच में पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूल की फीस नहीं पटाने पर दो बच्चों को परीक्षा से वंचित करने का मामला सामने आया है। मामला पामगढ़ ब्लाक के साईनिंग स्टार पब्लिक स्कूल रींवापार का है। मामले की शिकायत पर अधिकारी बुधवार 22 अप्रैल को जांच में पहुंचे। अधिकारी ने स्कूल स्टाफ और बच्चों के परिजन का बयान लिया है। साथ ही रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।



स्कूल में जांच कर बयान लेते एबीईओ।

पामगढ़ ब्लाक के रीवापार राहौद में साईनिंग स्टार पब्लिक स्कूल संचालित है। स्कूल में ग्राम मेंहदी निवासी चंद्रभूषण बंजारे के दो बच्चे पढ़ाई करते है। चंद्रभूषण का पुत्र मीतराज बंजारे कक्षा चौथी तो पुत्री आराध्या बंजारे कक्षा पहली की पढ़ाई करती है। स्कूल की वार्षिक परीक्षा का अंतिम पेपर 18 अप्रैल को था। मीतराज और आराध्या भी पेपर दिलाने पहुंचे थे। एग्जाम हॉल में पेपर बंटने के बाद अचानक दोनों से पेपर वापस ले लिया गया। स्कूल का फीस नहीं पटाने का हवाला देते हुए दोनों को परीक्षा से वंचित कर दिया गया। घर आकर बच्चों ने जब अपने पिता चंद्रभूषण बंजारे को इस बात की जानकारी दी तो उन्होंने पामगढ़ एसडीएम को पूरे घटना की लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर शिक्षा विभाग की ओर से एबीईओ जयराम सारथी को मामले की जांच के लिए बुधवार 22 अप्रैल को स्कूल भेजा गया। एबीईओ जयराम सारथी ने स्कूल में पहुंचकर शिकायत की जांच की। इस दौरान शिकायतकर्ता चंद्रभूषण बंजारे के साथ ही स्कूल के शिक्षकों के भी बयान लिए गए। शिकायतकर्ता अभिभावक चंद्रभूषण बंजारे ने बताया कि दोनों बच्चों का बकाया शुल्क 4 हजार 8 सौ रुपए अदा नहीं करने के कारण उनके बच्चों को परीक्षा से वंचित किया गया है। स्कूल के स्टाफ ने भी फीस जमा नहीं होने के कारण परीक्षा से वंचित करने को कारण बताया है। एबीईओ ने दोनों पक्षों का लिखित में बयान लेकर उच्चाधिकारियों को भेज दिया है।

### उच्चाधिकारियों को भेजी रिपोर्ट

साईनिंग स्टार पब्लिक स्कूल के दो बच्चों को परीक्षा से वंचित करने की शिकायत मिली थी। स्कूल में जाकर शिकायत की जांच की है। दोनों पक्षों का बयान लिया है। बयान और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। अधिकारियों के निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-जयराम सारथी, एबीईओ, पामगढ़


# चमत्कार का धोखा देकर इलाज के नाम पर महिला से अनाचार

### ढोंगी बाबा को हिमाचल प्रदेश से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

चमत्कार का धोखा देकर ढोंगी बाबा ने इलाज के नाम पर एक महिला के साथ अनाचार किया। इसके बाद महिला को बिलासपुर में छोड़कर वह फरार हो गया। पामगढ पुलिस ने ढोंगी बाबा को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्रि के दौरानस्वामी निर्मल जी उर्फ निर्मल बाबा पामगढ़ क्षेत्र के एक गांव में पदयात्रा करते हुए आया था। खुद को चमत्कारी बाबा बताकर वह लोगों की समस्याएं दूर करने का दावा करता था। पीड़िता महिला भी अपनी सहेली के साथ उससे मिलने गई। महिला ने शरीर में दर्द की तकलीफ बताई। ढोंगी बाबा ने महिला का हाथ देखकर इलाज का भरोसा दिया और मोबाइल नंबर ले लिया। बाद में 26 मार्च को पामगढ़ क्षेत्र के



बाजार में बुलाकर उसे प्रसाद दिया और अपने साथ चलने के लिए बहलाया। ढोंगी बाबा के झांसे में आकर महिला उसके साथ बिलासपुर और फिर ट्रेन से मध्य प्रदेश के मैहर पहुंची। ढोंगी बाबा ने महिला को वहां होटल में ठहराया। इलाज के नाम पर महिला के साथ कई बार अनाचार किया। इसके बाद ढोंगी बाबा 1 अप्रैल को महिला को बिलासपुर में छोड़कर फरार हो गया। महिला किसी तरह बिलासपुर से अपने घर पहुंची।इसके बाद ढोंगी बाबा लगातार फोन कर उसे परेशान करने लगा। नंबर ब्लॉक करने पर उसने पीड़िता के नाम से फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर अश्लील फोटो पोस्ट कर दिया। पीड़ति महिला ने 11 अप्रैल को पामगढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद ढोंगी बाबा हिमाचल प्रदेश भाग गया था। एस पी द्वारा गठित पुलिस टीम ने 21 अप्रैल 2026 को धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में दबिश देकर ढोंगी बाबा को को पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी स्वामी निर्मल जी उर्फ निर्मल बाबा (उम्र 60 वर्ष) नाशिक महाराष्ट्र का मूल निवासी है। पामगढ पुलिस ने आरोपी को बी एन एस की धारा 64(2) (एम) और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। कार्यवाही में थाना प्रभारी पामगढ सावन सारथी , प्रधान आरक्षक रामलाल मार्कडेय आरक्षक सूरज सिंह पाटले, नवनी रात्रे व थाना पामगढ स्टाफ का योगदान रहा।

# डबल मर्डर के आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब दुकान में घुसकर लूटपाट करने दो सुरक्षागार्ड की हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। प्रधान सेशन जज जांजगीर जयदीप गर्ग द्वारा फैसला सुनाया गया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार 4 नवंबर 2023 को रात्रि करीब 10 बजे शराब भट्ठी के गार्ड यदुनंदन एवं जय कुमार ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान शराब भट्ठी के दोनों गार्ड की किसी हत्या कर दी गई। चांपा पुलिस ने अपराध कायम विवेचना करते हुए मामले में शिवशंकर चौहान उम्र 31 वर्ष निवासी बजरंग चौक डभरा, कृष्णा सहिस उम्र 23 वर्ष निवासी सिवनी चांपा और मंगली बाई उम्र 47 वर्ष निवासी चांपा सिवनी को धारा 302, 397, 460 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। प्रधान सेशन जज जांजगीर जयदीप गर्ग ने मामले की सुनवाई की। अभियोजन ने तर्क प्रस्तुत किया कि जिस प्रकार से आरोपीगण द्वारा आपस में मिलकर एक दूसरे के सामान्य आशय में आपराधिक षड़यंत्र रचकर शराब भट्ठी दुकान में धुसकर लूटपाट की गयी एवं उस लूटपाट के लिए उनके द्वारा शराब भट्ठी के गार्ड यदुनंदन पटेल एवं जयकुमार सूर्यवंशी की हत्या की गयी है उससे आरोपीगण को कठोर से कठोर दंड दिया जावे। संपूर्ण अभियोजन साक्षियों के न्यायालयीन कथनों के विश्लेषण कर न्यायाधीश द्वारा आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अभियुक्त शिवशंकर चौहान को धारा 302 के लिए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए अथदंड धारा 397 के लिए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। इसी प्रकार कृष्णा सहिस और मंगली बाई को धारा 302 के लिए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड और धारा 397 के लिए आजीवन कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 6-6 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताने का दंडादेश जारी किया गया। अभियोजक की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने की।

### अवैध शराब पर पुलिस ने की कार्रवाई चांपा व सारागांव थाना क्षेत्र में बनी जब्ती

**जांजगीर-चांपा।** अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो आरोपियों को पकड़ा है। उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में शराब जब्त किया गया। प्रभारी पुलिस अधीक्षक सुश्री निवेदिता पाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में थाना चांपा एवं थाना सारागांव पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान थाना चांपा पुलिस ने आरोपी जितेंद्र साहू उम्र 32 वर्ष, निवासी बिरगहनी चौक, जांजगीर के कब्जे से 58 पाव देशी प्लेन शराब बरामद की। वहीं थाना सारागांव पुलिस ने आरोपी रिखीराम कश्यप उम्र 44 वर्ष निवासी चोरिया, थाना सारागांव के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया।

# खाद की कालाबाजारी पर शिकंजा, तीन का लायसेंस सस्पेंड, 19 को नोटिस



जब्त खाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

खाद की कालाबाजारी, अधिक कीमत पर बिक्री और गुणवत्ताहीन सामग्री के वितरण पर शिकंजा कसा जा रहा है। लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। गड़बड़ी पाए जाने पर अब तक 3 दुकानों का लायसेंस निलंबित किया गया है। वहीं 19 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

खरीफ सीजन प्रारंभ होने से पहले जिले में उर्वरकों की सुचारू एवं समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कृषि विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार विगत दिवस जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय टीम द्वारा विभिन्न विकासखंडों के उर्वरक विक्रय स्थलों एवं भंडारण गृहों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकासखंड मालखरौदा स्थित मेसर्स रामावतार अग्रवाल फर्म एवं मेसर्स आदित्य ट्रेडर्स, कुदरी में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते स्पष्टीकरण जारी किया गया। जांच में पाया गया कि संबंधित फर्मों द्वारा विक्रय स्थल पर स्टॉक का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा था। क्रेता को प्रपत्र में कैश व क्रेडिट मेमो जारी नहीं किया जा रहा था तथा प्राधिकृत पत्र में फर्म का उल्लेख किए बिना व्यापार किया जा रहा था। साथ ही पोस स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भिन्नता भी पाई गई। उक्त अनियमितताओं के चलते उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक एवं मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश-1985 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया, जिसके कारण 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु उर्वरक निरीक्षक द्वारा नोटिस जारी किया गया है। उप संचालक कृषि विभाग सक्ती तरुण कुमार प्रधान ने बताया कि अब तक जिले में उर्वरक निरीक्षकों द्वारा कुल 50 विक्रय स्थलों का निरीक्षण किया जा चुका है। इनमें से 3 विक्रय केंद्रों पर विक्रय प्रतिबंध लगाते हुए प्राधिकार पत्र निलंबन की कार्यवाही की गई है तथा 19 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### सप्ताह भर के भीतर बिजली सप्लाई व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

# गर्मी में चरमराई बिजली व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती शहर की चरमराई बिजली सप्लाई व्यवस्था ने शहरवासियों को परेशान कर रखा है। 45 डिग्री तापमान में हो रही अघोषित कटौती से हो रही परेशानी को लेकर नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने मंडल के उच्चाधिकारी से भेंट की। इस दौरान सप्ताह भर के भीतर व्यवस्था दुरूस्त नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।



प्रतिनिधि मंडल ने कार्यपालन यंत्री को सौंपा ज्ञापन

सक्ती शहर में विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। लगातार विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी में तप रहे सक्ती नगर वासियों में विद्युत विभाग के प्रति रोष देखा जा रहा है। नगर में सुचारू एवं निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की मांग को लेकर आज छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन जिला सक्ती के जिलाध्यक्ष रामनरेश यादव सहित प्रतिनिधि मंडल कार्यपालन यंत्री ए के भारद्वाज से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा सक्ती के नागरिकों को हो रही परेशानियों से अवगत कराते हुए उक्त समस्या का स्थायी समाधान करने की बात कही, साथ ही जबतक कोई ठोस एवं सुचारू स्थायी व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति को निर्बाध रूप से प्रदान करने हेतु कार्यपालन यंत्री ए के भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर में विद्युत व्यवस्था में सुधार कर नगरवासियों की समस्या का समाधान करें तथा अघोषित कटौती को बंद करें , यदि 7 दिवस के भीतर विद्युत आपूर्ति की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं किया जाता है तो सक्ती शहर में भारी जन आंदोलन तथा चक्काजाम किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही विद्युत विभाग की होगी। कार्यपालन यंत्री श्री भारद्वाज ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे सक्ती शहर में विद्युत आपूर्ति दुरूस्त रखने हरसंभव प्रयास कर रहे है। विद्युत विभाग की तरफ से आपूर्ति में अवरोध उत्पन्न करने वाले यंत्रो की पहचान की जा रही है तथा उनको समय समय पर बदला भी जा रहा है। सही आपूर्ति के लिए हर सम्भव कोशिश की जा रही है ताकि आम जन को विद्युत संबंधी कोई परेशानी न उठानी पड़े। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव, उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल, सह सचिव नितिन सोनी, प्रवक्ता राजीव लोचन सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिरुद्ध अग्रवाल (भुरू), सह सचिव गोपाल गौतम उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कोल कर्मियों को अब मिलेगा 20 हजार रुपए सेटलिंग इन अलाउंस

**कोरबा।** कोलइंडिया के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने अहम निर्णय लेते हुए नॉन-एग्जीक्यूटिव कैडर कर्मचारियों के लिए सेटलिंग-इन अलाउंस में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। यह फैसला 31 जुलाई को कोलकाता स्थित कंपनी मुख्यालय में आयोजित 481वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। इसके तहत सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाला सेटलिंग-इन अलाउंस 12 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रति कर्मचारी कर दिया गया है। इस संबंध में कोल इंडिया की ओर से सोमवार को कार्यालय आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके मुताबिक जो कर्मचारी कंपनी के क्वार्टर या लीज पर लिये आवास में रह रहे हैं, उन्हें यह लाभ तभी मिलेगा जब वे अधिकृत प्राधिकारी द्वारा जारी क्वार्टर खाली करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### एनएसयूआई जिला अध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**हरदीबाजार।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने कलेक्टर को महाविद्यालय हरदीबाजार में मूलभूत सुविधा की समस्याओं को लेकर पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय टीननुमा पोटा केबिन में संचालित है जहां वर्तमान में महाविद्यालय में छात्रों की परीक्षा संचालित हो रही है। इस भीषण गर्मी में जहां पर 42 से 43 डिग्री तापमान पर है। वहीं अध्ययनरत छात्रों को पोटा केबिन में बैठकर अध्ययन करना व परीक्षा देने में बड़ी असुविधा और समस्या हो रही है। देश को आर्थिक सहयोग करने वाले जिले के अधिग्रहण ग्राम के महाविद्यालय में गर्मी से राहत के लिए ना कुलर की व्यवस्था है और नहीं ठंडे पानी पीने के लिए वाटर कूलर की सुविधा है। जिसे महाविद्यालय के छात्रों को इन सरी समस्याओं से रोजाना जूझना पड़ रहा है, इन समस्याओं को श्री राठौर ने पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन से जल्द से जल्द महाविद्यालय में पांच नग ठंडे पानी के लिए वाटर कुलर की व्यवस्था एवं प्रत्येक कमरे में एसी लगाने की मांग की है। यदि सात दिवस के भीतर में इसकी व्यवस्था नहीं की जाती है तो ऐसी स्थिति में श्री राठौर ने छात्र हितों के लिए छात्रों के साथ एनएसयूआई के तत्वाधान में हरदीबाजार तहसील कार्यालय का घेराव करेंगे।

### जिले में ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान का आगाज़

**कोरबा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए महत्वपूर्ण ज्ञानभारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के भीतर मौजूद दुर्लभ पाण्डुलिपियों, ताड़पत्रों और हस्तलिखित ग्रंथों के चिन्हांकन एवं सूचीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। अभियान को गति देने के लिए जिले में अनुभाग स्तरीय समितियों का गठन किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता वाली इन समितियों में तहसीलदार, जनपद सीईओ, बीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ शामिल होंगे। ये समितियां हर सप्ताह अपनी प्रगति रिपोर्ट जिला समिति को सौंपेंगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सर्वेक्षण कार्य के लिए प्रत्येक गाँव में पंचायत सचिव या शिक्षक और नगरीय क्षेत्रों के प्रत्येक वार्ड में एक कर्मचारी को सर्वेयर नियुक्त किया जाए। ये सर्वेयर अपने क्षेत्र में उपलब्ध पाण्डुलिपियों की पहचान कर उन्हें मोबाइल ऐप के माध्यम से अपलोड करेंगे। इस कार्य में कॉलेज के प्राचार्यों और प्रोफेसरों की भी सेवाएँ ली जाएँगी। नियुक्त किए गए सभी सर्वेयरों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे, जहाँ प्रशिक्षण लिंक और अन्य निर्देश साझा किए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सर्वेक्षकों का आदेश जारी करने और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क वैक्सीनेशन

**कोरबा।** 17 मार्च से जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी उपरोड़ा, स्व. बिसाहू दास स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय कोरबा तथा रानी धनराज कुंवर शहरी सामु. स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा में एचपीवी वैक्सीनेशन निःशुल्क किया जा रहा है। यह टीका विशेषकर किशोरियों के लिए प्रभावी माना जाता है। टीकाकरण के लिए वही किशोरियां पात्र हैं जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, लेकिन 15 वर्ष का जन्मदिन न मनाया हो। आयु प्रमाण पत्र के लिए आधारकार्ड या अन्य फोटो पहचान पत्र मान्य होगा। पहचान पत्र उपलब्ध नहीं होने की स्थिती में अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित शपथपत्र भी मान्य किया जावेगा।

### कोरबा-यलहंका–कोरबा के मध्य चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**कोरबा।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कोरबा–यलहंका (बेंगलुरु)–कोरबा के मध्य यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 1-1 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका–समर स्पेशल ट्रेन कोरबा से 2 मई को चलेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 08262 यलहंका–कोरबा समर स्पेशल ट्रेन यलहंका से 3 मई को चलेगी। गाड़ी संख्या 08261 कोरबा-यलहंका समर स्पेशल ट्रेन 2 मई को कोरबा से सुबह 9 बजे रवाना होगी।

# जटगा-पसान सड़क जर्जर, खराब हो रही हैं यात्री बसें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में प्रमुख सड़कों के निर्माण के लिए डीएमएफ से राशि जारी होती है। इन प्रमुख सड़कों में जडगा पसान सड़क भी शामिल है। किन्तु इस सड़क के लिए राशि जारी नहीं हुई है। जर्जर होने के कारण इस मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें खराब होकर रास्ते में खड़ी हो जा रही हैं।

कसनिया से पसान तक टू लेन सड़क निर्माण का प्रस्ताव एनएचआई को भेजा गया था। लगभग 60 मीटर चौड़ी इस सड़क के लिए सर्वे का काम ही शुरू हुआ है। टू लेन सड़क निर्माण को लेकर जब प्रस्ताव आया तब से जडगा से लेकर पसान तक जर्जर सड़क के मरम्मत को लेकर विभाग के द्वारा कोई प्रस्ताव ही नहीं तैयार किया गया। जबकि क्षेत्र की यह सबसे पुरानी व प्रमुख सड़क है। जो दो जिलों के बीच लंबी दूरी तय करती है। कोरबा से पेंड्रा जाने वाली यात्री बसें इसी मार्ग से आवागमन करती हैं। 8 किलोमीटर लंबी घाटी को छोड़कर शेष सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। बरसात से लेकर गर्मी के दिनों में भी इस सड़क से गुजरना छोटे वाहनों के लिए और भी कठिन हो जाता है। गर्मी के दिनों में यात्री बसों के सामने सड़क में बने गड्ढों के बीच से ही गुजरना चुनौती बना हुआ है। कई बार यात्री बसों के चक्के पंचर हो जा रहे हैं तो किसी यात्री बस के तकनीकी खराबी आ जाने से बीच रास्ते में ही खड़ी हो जा रही है। मजबूरी में यात्रियों को दूसरी बसों में सफर करना पड़ता है।

## टू लेन बनाने का प्रस्ताव भी कागजों तक सीमित

**खास बातें**

- मरम्मत के लिए लगातार बैठकों में होती है तैयारी
- यात्रियों को होती है परेशानी



### प्रशासन की बैठक में नहीं बनी योजना

जिले की सड़कों को लेकर डीएमएफ से राशि जारी कि जाने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा 22 सड़कों के निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है। किन्तु जडगा पसान सड़क का इस 22 सड़कों के टेंडर में कहीं जिक्र नहीं है और इसका कारण कसनिया से लेकर पसान तक की सड़क को टू लेन किया जाना बताया जा रहा है।

## बरपाली और पाली में हो चुका है जमीन का चयन

# ग्रामीण क्षेत्र में स्टेडियम निर्माण का काम केवल जमीन चयन तक ही है सीमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए खेल एवं कल्याण विभाग के माध्यम से जिले में स्टेडियम निर्माण हेतु जमीन के लिए प्रस्ताव मांगे गए थे। उसके तहत बरपाली और पाली में जमीन चयन का काम पूरा होने के बाद भी निर्माण के लिए कोई एजेंसी अब तक नहीं हो सकी है। जबकि प्रक्रिया को पूर्ण हुए 4 माह से अधिक का समय बीत चुका है।

खेल प्रतिभाओं के लिए शहर में सार्वजनिक उपक्रमों के साथ नगर निगम के स्टेडियम मौजूद हैं। उसी तर्ज पर ग्रामीण अंचलों में भी स्टेडियम निर्माण शुरू करने का प्रस्ताव वर्ष 2024 में नई सरकार बनने के बाद मांगा गया था। इसके लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को जिम्मेदारी दी गई थी। राजस्व विभाग के सहयोग से खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जमीन चयन के कार्य शुरू किया और करतला ब्लाक के ग्राम बरपाली में 5 एकड़ जमीन का चयन का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था। उस प्रस्ताव के तारतम्य में विभाग के द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। कितनी लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा और निर्माण एजेंसी कौन होगी जिसका चयन अब तक नहीं हो सका है। इसी तरह पाली ब्लाक में भी पुराने स्टेडियम को ही नए स्टेडियम के लिए विभाग के द्वारा चयनित किया गया है। स्टेडियम के लिए निर्धारित जमीन पुराने स्टेडियम में मौजूद है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मापदंडों के तहत पाली में पुराने स्टेडियम को भी अपडेट कर नये स्टेडियम को शुरू किया जाएगा। इसका भी प्रस्ताव विभाग को भेजा गया है। दोनों ही स्टेडियम को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा जमीन चयन से संबंधित जो भी प्रक्रिया नियम शर्तों के तहत करना था वह पूरी की जा चुकी है। शासन स्तर से इन दोनों स्थानों में खेल स्टेडियम तैयार करने के संबंध में न तो कोई राशि स्वीकृत की गई है और न ही कोई एजेंसी तय हुई है। जबकि जमीन चयन के प्रक्रिया को पूरे हुए 4 माह से अधिक का समय बीत चुका है और अब तक केवल जमीन चयन तक ही काम सीमित रह गया है।

**खास बात**

- पोडी उपरोड़ा और कोरबा ब्लाक में नहीं मिली अब तक जमीन



फाइल फोटो

### दोनों क्षेत्रों की प्रतिभाएं जाती हैं नेशनल तक

करतला ब्लाक के बरपाली और पाली क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं पिछले कुछ वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर जिले की ओर से प्रदेश की टीम में अपना स्थान बना चुकी है। रक्बी फुटबाल केवल पाली ब्लाक में ही खेला जाता है। जिले में करतला ब्लाक के फरसवानी क्षेत्र से वेट लिफ्टिंग की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुकी हैं। किन्तु दोनों ही क्षेत्रों में खिलाड़ियों के लिए स्थानीय स्तर पर भी कोई स्टेडियम मौजूद नहीं है। स्कूल मैदान में ही स्थानीय प्रतिभाओं को खेल प्रशिक्षकों के द्वारा संसाधनों के अभाव में तैयार किया जा रहा है।

### ट्रायवल विभाग को भी मिला है फंड

खेल को बढ़ावा देने की मंशा पर ट्रायवल विभाग को भी एक बड़ा फंड मिला है। लगभग 5 करोड़ की राशि स्टेडियम के लिए जारी की गई है। किन्तु विभाग इतनी बड़ी राशि से कहां खेल स्टेडिमय तैयार करेगा इसके लिए उसे अब तक जिले में किसी भी ब्लाक में जमीन ही नहीं मिली है। ट्रायवल विभाग के द्वारा अजजा वर्ग के खिलाड़ियों के लिए होने वाली खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी फंड नहीं आने की वजह से नहीं कराया जा रहा है।

### पाली व बरपाली में बनेगा

करतला ब्लाक के बरपाली में जमीन मिली है। किन्तु निर्माण की प्रक्रिया कुछ तकनीकी कारणों से रुकी हुई है। पाली में पुराने स्टेडियम को ही अपडेट किया जाएगा।

-**दीनू पटेल,** खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

# लकवा से ग्रसित महिला ने जहर खाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लकवा की बीमारी से लंबे समय से ग्रसित एक 52 वर्षीय की महिला ने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला को उपचार के लिए गंभीर अवस्था उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया था जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच में जुट गई है।

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी रुसेला टोप्पो उम्र 52 वर्ष पति बालमुकुंद टोप्पो ने अपने घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। बताया जाता है कि बालमुकुंद 13 अप्रैल की दोपहर खेती किसानी के काम से खेत गया था जब वह वापस लौटा तो उसने देखा कि उसकी पत्नी रुसेला घर में बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी जिसके बाद बालमुकुंद ने रुसेला को उपचार के लिए करतला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां पिछले कई दिनों से रुसेला का उपचार चल रहा था और उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है।

# कोयला ट्रेडिंग के लिए जल्द आएगा नया डिजीटल प्लेटफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कारोबार को ज्यादा पारदर्शी व आसान बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया जा रहा है। इसे लेकर एमसीएक्स को सेबी से कोल एक्सचेंज बनाने की मंजूरी मिल गई है। एमसीएक्स की ओर से बताया गया उसे 17 अप्रैल को यह मंजूरी मिली। इसके बाद कंपनी कोयला नियंत्रक संगठन के पास लाइसेंस के लिए आवेदन करेगी। इस मंजूरी के बाद एमसीएक्स एक नई सहायक कंपनी बनायेगी, जिसका संभावित नाम एमसीएक्स कोल एक्सचेंज लिमिटेड हो सकता है।

यह नया प्लेटफॉर्म कोयले की खरीद-बिक्री के लिए पूरी तरह डिजिटल व रेगुलेटेड सिस्टम उपलब्ध करायेगा। इससे कोयला ट्रेडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और कीमत तय करने की प्रक्रिया ज्यादा बेहतर हो सकेगी। इस प्लेटफॉर्म पर डिजिटल ट्रेडिंग के साथ फिजिकल डिलीवरी की सुविधा भी दी जायेगी। एमसीएक्स इस नई कंपनी में शुरुआती तौर पर करीब 100 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। शुरू में इस कंपनी में एमसीएक्स की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी रहेगी। हालांकि आगे चलकर इसमें बड़े पार्टनर्स को भी शामिल किया जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस पहल से कोयला सेक्टर में दक्षता बढ़ेगी और कारोबारियों को एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म मिलेगा। यह ऊर्जा क्षेत्र में एमसीएक्स की पकड़ को भी मजबूत करेगा। वहीं सरकार स्टील सेक्टर को भी आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। योजना के तहत 2030 तक बनने वाले नये स्टील प्लांटों में कम से कम 30 फीसदी घरेलू कोकिंग कोल का इस्तेमाल अनिवार्य किया जा सकता है।

**खास बात**

- एमसीएक्स को 17 अप्रैल को मिल गई है मंजूरी

# एनएसएस इकाई भैसमा ने स्कूल गेट के सामने की प्याऊ की व्यवस्था




प्याऊ के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित एनएसएस के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

अक्षय-तृतीया अक्षय तृतीया के दिन शा.उ.मा.विद्यालय भैसमा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए आमजनों की सुविधा के लिए एक निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों एवं आम नागरिकों को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि संतोष कुमार साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल सेवा मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और एनएसएस इकाई का यह प्रयास समाज के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस के साहू ने बताया कि इस प्याऊ में स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई है तथा स्वयंसेवक नियमित रूप से इसकी देखरेख करेंगे। स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया और लोगों को जल वितरण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सी एल सारथी, शाला विकास समिति सदस्य चुन्नी लाल पाटिल, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# बारुद फैक्ट्री में मजदूरों का विरोध, 9 घंटे काम रहा ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




विरोध प्रदर्शन करते श्रमिक।

हरदीबाजार स्थित आईडल इंडस्ट्रीयल बारुद फैक्ट्री में सोमवार को मजदूरों का गुस्सा फूट पड़ा। ड्राइवर, ऑपरेटर और अन्य श्रमिकों ने सुबह से ही काम बंद कर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी, जिससे फैक्ट्री का काम करीब 9 घंटे तक पूरी तरह ठप रहा। मजदूरों ने आरोप लगाया कि उन्हें कम मजदूरी में जोखिम भरे माहौल में काम करने को मजबूर किया जाता है।

मजदूरों की मुख्य मांगों में मजदूरी बढ़ाने, जान जोखिम में डालकर काम कराने की प्रथा बंद करने, पर्याप्त सेफ्टी उपकरण उपलब्ध कराने और खतरनाक कार्यों के लिए अतिरिक्त भत्ता देने जैसी बातें शामिल रहीं। श्रमिकों ने 10 सूत्रीय मांग पत्र प्रबंधन को सौंपा और साफ कहा कि बारूद और विस्फोटकों की फैक्ट्री में छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे में बदल सकती है, इसलिए सुरक्षा से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। लंबी और गर्मागर्म बातचीत के बाद आखिरकार प्रबंधन को झुकना पड़ा और मजदूरों की अधिकांश मांगों पर सहमति बन गई। इसके बाद श्रमिकों ने हड़ताल को स्थगित कर काम फिर से शुरू करने का निर्णय लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रदेश संगठन मंत्री उमागोपाल भी मौके पर मौजूद रहे। उन्होंने मजदूरों को समर्थन देते हुए कहा कि हक की लड़ाई में संगठन उनके साथ मजबूती से खड़ा रहेगा। मजदूरों की एकजुटता ने यह साबित कर दिया कि संगठित संघर्ष से बड़े से बड़ा प्रबंधन भी झुकने को मजबूर हो जाता है। यह घटना औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक सुरक्षा और अधिकारों के मुद्दे को एक बार फिर प्रमुखता से सामने लाती है।

# राख रोकने संयंत्र प्रबंधन ले रहा ग्रीन नेट का सहारा



क्षतिग्रस्त बांध में लगा ग्रीन नेट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत संयंत्र के झाबू स्थित राखड़ बांध टूटने के बाद राखड़ रोकने के लिए अपनाए जा रहे जुगाड़ तंत्र चर्चा का विषय बना हुआ है। कागजों में आधुनिक और जमीनी हकीकत में जुगाड़ साबित हो रही इस व्यवस्था के तहत संयंत्र प्रबंधन के अधिकारी राख को रोकने के लिए ग्रीन नेट का सहारा ले रहे हैं।

झाबू राखड़ और डिंडोलभांठा में लगाए गए ये नेट हवा में उड़ती राख को थामने के बजाय खुद ही हवा के आगे हथियार डालते नजर आ रहे हैं। दावा था कि ग्रीन नेट से राख के प्रदूषण पर लगाम लगेगी, लेकिन हकीकत में ये नेट कुछ दिनों की मेहमान साबित हो रहे हैं। तेज हवा आते ही नेट फटते हैं, गिरते हैं और फिर वही राख खुले आसमान में उड़कर आसपास के गांवों और बस्तियों को अपनी चपेट में ले लेती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राख की धूल अब रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बन चुकी है। सांस लेना मुश्किल, घरों में परत दर परत धूल, और ऊपर से ये अस्थायी इंतजाम। ऐसे में ग्रीन नेट पर्यावरण सुरक्षा से ज्यादा एक औपचारिकता नजर आता है। तकनीक के नाम पर जुगाड़ और जमीनी हकीकत से दूरी, यही तस्वीर सामने आ रही है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक सिस्टम इसी तरह के अस्थायी उपायों से अपनी जिम्मेदारी निभाने का दावा करता रहेगा? कोरबा में राख उड़ रही है, लेकिन जवाबदेही अब भी जमीन पर नहीं उतर रही।

# अग्रवाल सभा चुनाव, बजरंग अध्यक्ष, आशीष उपाध्यक्ष और महावीर बने कोषाध्यक्ष



अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, उपाध्यक्ष आशीष गोयल, कोषाध्यक्ष महावीर अग्रवाल।

**कोरबा।** अग्रवाल सभा का दो वर्षीय कार्यकाल का चुनाव मंगलवार को अग्रसेन भवन में भारी गहमा गहमी से साथ संपन्न हुआ। देर शाम तक चली मतगणना के बाद घोषित परिणाम में बजरंग अग्रवाल अध्यक्ष पद पर 598 वोट लेकर विजयी हुए। वहीं उपाध्यक्ष पद पर आशीष गोयल 691 मत लेकर विजयी घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष पद पर महावीर केडिया 503 वोट प्राप्त कर विजय प्राप्त किये।

सभी प्रत्याशी अपने पक्ष में समाज के लोगों से मत डालने की अपील करते दिखे। मुख्य चुनाव अधिकारी आशीष खेतान ने बताया कि कुल 1280 मत का उपयोग किया जाना है। बडी शांति के साथ चुनाव सम्पन्न हुआ। समाज के सदस्यों ने शांति से अपना मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर बजरंग अग्रवाल व पवन अग्रवाल दावेदारी पेश कर रहे थे। जिसमें बजरंग अग्रवाल 598 वोट मिले, पवन अग्रवाल को 398 वोट प्राप्त हुए, 9 वोट निरस्त हुए। कुल 200 वोट से बजरंग अग्रवाल विजयी हुए। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर आशीष गोयल, राहुल मोदी चुनाव मैदान में थे जिसमें आशीष गोयल को 691 मत, राहुल मोदी को 344 मत प्राप्त हुए, 10 वोट निरस्त हुए। इस तरह आशीष गोयल उपाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद के लिए महावीर केडिया और राकेश नागरमल के बीच मुकाबला था, इस मुकाबले में महावीर केडिया ने 503 वोट लेकर कोषाध्यक्ष पद पर काबिज हुए। राकेश नागरमल को 494 वोट प्राप्त हुए। महावीर केडिया 9 वोट से विजयी हुए।

### ट्रक से टकराई बाइक, युवक की मौके पर हुई मौत

**अम्बिकापुर।** कटनी गुमला नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर सुबह एक बड़ी दुर्घटना हो गई। ग्राम सरईपारा में ट्रक और बाइक के बीच हुए टक्कर में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। युवक हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ जमा हो जाने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गई और काफी देर तक नेशनल हाईवे पर आवागमन बाधित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले भीड़ को नियंत्रित किया उसके बाद आवागमन बहाल कराया। सड़क दुर्घटना के बाद चालक मौके पर ही वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस द्वारा ट्रक को जब्त कर थाने लाया गया। जानकारी के अनुसार जशपुर जिले के ग्राम लुड़ेग निवासी मुनेश्वर प्रधान आ. स्व. घसिया राम प्रधान (44 वर्ष) सुबह काम के सिलसिले में लेबर मिस्त्री लेने सीतापुर आया था। लेबर मिस्त्री खोलने के बाद वह बाइक क्रमांक सीजी 13 ए 6414 से वापस अपने घर ग्राम लुड़ेग जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 29 एबी 0147 से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। ट्रक व बाइक की टक्कर इतीन जबरदस्त थी कि बाइक सवार के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।





## हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

**मुंबई।** 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

### लाइफ Style



## दिशा
## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

### हॉलीवुड मसाला



## सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

**लॉस एंजिल्स।** प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



## नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

**लॉस एंजिल्स।** डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



## सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम


**मुंबई।** सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



## है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

**मुंबई।** डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

### टीवी मसाला






## कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

**नई दिल्ली।** हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता था। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

### घर से निकलने में भी लगता है डर

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था। कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते हैं।



## कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल


*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों में काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*



**नई दिल्ली।** अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के। आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

## मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

**मुंबई।** सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'



### बाबुल की दुआएं लेती जा इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

## एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*__नई दिल्ली।__ 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज़ किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

## खबर संक्षेप

### मानव एकता दिवस पर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर कल

**जांजगीर-चांपा।** संत निरंकारी मिशन के द्वारा मानव एकता दिवस के अवसर पर गुरूवार 24 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। इस रक्तदान शिविर का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन, गायत्री मंदिर कें पीछे, जांजगीर थाना के पास, केरा रोड में किया जाएगा, जहां जिला अस्पताल जांजगीर की मेडिकल टीम द्वारा रक्त संग्रह एवं पूरी निगरानी मे किया जाएगा।यह शिविर संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा 24 अप्रैल को पूरे भारतवर्ष में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। जांजगीर में आयोजित इस शिविर से प्राप्त संपूर्ण रक्त संग्रह केवल जिला सहकारी अस्पताल, जांजगीर में जरूरतमंद मरीजों के उपयोग हेतु भेजा जाएगा। विशेष रूप से थैलेसीमिया, दुर्घटना, प्रसूति, गंभीर बीमारी एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता को देखते हुए यह शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, स्वास्थ्य शिविर तथा अन्य सामाजिक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।आयोजकों ने बताया कि इस शिविर में युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रहेगी।

### जनगणना के तहत स्व-गणना 30 तक : कलेक्टर ने की अपील

**सक्ती।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने जिले के नागरिकों से स्व-गणना पोर्टल पर स्वयं जानकारी दर्ज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जनगणना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में स्व-गणना 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किया जाएगा, जबकि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 01 मई से 30 मई तक किया जाएगा। प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे तथा हर मकानों की जानकारी दर्ज की जाएगी। इसके अलावा घर की स्थिति, सुविधाएं और मूलभूत जानकारी भी संकलित की जाएगी। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत आपकी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित एवं गोपनीय रखी जाएगी।



### ज्ञानभारत मिशन के तहत पांडुलिपियों के सर्वेक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति गठित

**सक्ती।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित "ज्ञानभारतं मिशन" के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले में प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंथों के संरक्षण एवं सर्वेक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस क्रम में जिला स्तरीय समिति का गठित किया गया है। गठित समिति में कलेक्टर को अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, नगर निगम, नगरपालिका आयुक्त, विश्वविद्यालय, महाविद्यालय प्रतिनिधि, संस्कृत एवं प्राचीन भाषा विशेषज्ञ तथा जिला शिक्षा अधिकारी को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति का उद्देश्य जिले में स्थित सरकारी एवं निजी पांडुलिपि संग्रह केंद्रों एवं व्यक्तिगत संग्रहकर्ताओं का चिन्हांकन एवं सूचीकरण करना है। जिले में संभावित पांडुलिपि संग्रह केंद्रों में संस्कृत महाविद्यालय, पुस्तकालय, संग्रहालय, शोध संस्थान, मंदिर, मठ, आश्रम, गुरुकुल एवं ट्रस्ट आदि शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा निजी स्तर पर विद्वानों, पुरोहितों, ज्योतिषाचार्यों एवं आयुर्वेदाचार्यों के पास भी महत्वपूर्ण पांडुलिपियां संरक्षित हो सकती हैं। सर्वेक्षण कार्य संबंधित संग्रहकर्ता, संस्था की सहमति से किया जाएगा तथा पांडुलिपियों का स्वामित्व यथावत संबंधित संग्रहकर्ता के पास ही रहेगा। यह सर्वेक्षण ज्ञान भारतम मोबाइल एप्स के माध्यम से किया जाएगा, जो गूगल प्ले स्टोर एवं ऐप स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है। जिला स्तरीय नोडल अधिकारी द्वारा प्रत्येक 15 दिवस में सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा की जाएगी तथा प्रगति प्रतिवेदन राज्य स्तर पर प्रेषित किया जाएगा। आगामी तीन माह के भीतर सर्वेक्षण एवं चिन्हांकन कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन जमा होंगे 28 तक

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 में आंगनबाड़ी सहायिक के पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 28 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि उक्त पद हेतु 8 वीं उत्तीर्ण संबंधित ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी को आवेदन करना हो तो 28 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## निधन

### अनुप गुप्ता



**चांपा।** स्थानीय रहसबेड़ा समलेश्वरी चौक निवासी गुप्ता समाज के प्रतिष्ठित नागरिक अनुप गुप्ता का बुधवार 22 अप्रैल को सुबह 10 बजे निवास पर असमायिक निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। स्व. गुप्ता अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्रों का परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को ही शाम 5 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र आकाश गुप्ता ने दी। इस मौके पर परिजन, सजातीय बंधु सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

### बेटे के इलाज के लिए गिरवी रखनी पड़ी जमीन

# धान बेचने के बाद भुगतान पाने बैंक का चक्कर काट रहा वृद्ध किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पोंड़ी दलहा के वृद्ध एवं दिव्यांग किसान को धान बेचने के 4 माह बाद भी सहकारी बैंक से राशि नहीं मिलने के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वृद्ध एवं दिव्यांग किसान को अपने दिव्यांग व बीमार बेटे के इलाज के लिए अपने खेत को गिरवी रखने को मजबूर होना पड़ गया।

सहकारी बैंक के लचर व्यवस्था के चलते ग्राम पोड़ी दलहा 75 वर्षीय किसान मनीराम खरे इन दिनों परेशानी से जूझ रहा है। मनीराम खरे ने अपने हिस्से का धान दिसम्बर में समर्थन मूल्य पर बेच दिया था। जिसकी राशि 57 हजार रुपए उनके खाते में जमा हो गई है । उनका पुत्र 40 वर्षीय जीतेन्द्र खरे दोनों पैरो से असहाय है और ट्राइसाइकिल की मदद से कहीं भी आता जाता है । सहकारी बैंक प्रबंधन के द्वारा बुजुर्ग किसान मनीराम खरे के पास पेनकार्ड नहीं होने का कारण बताकर उन्हें धान की राशि नहीं दी गई और रोज उनसे पेनकार्ड बनवाने दबाव बनाया गया। इसके कुछ दिन बाद किसान मनीराम खरे के दिव्यांग पुत्र की तबियत खराब हो जाने पर किसान ने कोआपरेटिंव बैंक के प्रभारी को अपनी समस्या बताई लेकिन प्रभारी शाखा प्रबंधक ने नियमों का हवाला देते हुए राशि देने से इंकार कर दिया । तब किसान ने अपने बेटे के इलाज के लिए अपना खेत गिरवी रखा और इलाज कराया । बेटे की बीमारी और शाखा प्रबंधक की बेरुखी से परेशान बुजुर्ग किसान मनीराम खरे ने इस मामले को पोडी दल्हा सरपंच जीतेन्द्र सिंह को बताया तब उन्होंने इस मामले की शिकायत जिला कलेक्टर को जनदर्शन में की है और बुजुर्ग किसान को राशि भुगतान कराने का आग्रह किया है।



फरियाद लेकर सरपंच के साथ कलेक्टोरेट पहुंचा किसान मनीराम

विदित हो कि किसानों ने पहले खाद यूरिया का दुख झेलते हुए धान की पैदावार ली । फिर नाम एंट्री और रकबा सुधरवाने मशक्कत करनी पड़ी। उसके बाद किसानों ने जब धान बेचने के लिए प्रयास शुरू किया तो छापा मारकर रकबा समर्पण कराया और अब जब धान किसी तरह बिक गया है तो कभी पेनकार्ड के नाम पर तो कभी बैंक में कैश की कमी बताते हुए किसानों को लंबी-लंबी कतारो में खड़ा किया। अब एक छोटे से जरूरतमंद किसान मनीराम खरे को महज 57 हजार की राशि के लिए जिला कलेक्टर के दरवाजे पर बैठने मजबूर कर दिया है। इस मामले में सरपंच जीतेन्द्र सिंह ने आक्रोश में कहा यदि बुजुर्ग किसान मनीराम खरे का भुगतान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ।

इस मामले में प्रभारी शाखा प्रबंधक का कहना है कि किसान का पेनकार्ड नहीं है इसलिए उन्हें धान की राशि नहीं दी जा सकी है। जबकि नियम यह है कि 50 हजार की राशि निकालने पेन कार्ड की जरूरत नहीं है। वैसे भी नियमानुसार एक किसान को एक दिन में 25 हजार राशि ही दी जा सकती है जो केवल दो दिन में ही निकल सकती है।

# सड़क पर सड़ रहा नाली का मलबा गंदगी और दुर्गंध से नगरवासी हलाकान

### ठेकेदार ने किया काम, रेलवे के अफसर बेखबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

भारतीय रेलवे के अंतर्गत चांपा रेलवे प्रशासन द्वारा हर साल स्टेशन से हसदेव नदी तक बनी नाली की सफाई कराई जाती है, लेकिन इस बार सफाई व्यवस्था जनता के लिए परेशानी का सबब बन गई है। नाली की सफाई के बाद मलबा उठाने में ठेकेदार की घोर लापरवाही सामने आई है, जिससे आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

भोजपुर रेलवे लाइन के पास ठेकेदार द्वारा नाली की सफाई कराए लगभग 20 दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन नाली से निकाला गया मलबा आज तक नहीं उठाया गया। हालत यह है कि पूरा मलबा सड़क पर फैला हुआ है, जिससे न केवल आवाजाही में दिक्कतें हो रही हैं, बल्कि गंदगी और बदबू से स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सामने से मुख्य सड़क गुजरती है, जहां दिनभर लोगों का आना-जाना बना रहता है। सड़क पर जमा नाली का मलबा दुर्घटनाओं को भी खुला न्योता दे रहा है। लोग मजबूरी में जान जोखिम में डालकर किसी तरह आना-जाना कर रहे हैं। मलबा दोबारा नाली में गिर रहा है, जिससे पूरी सफाई प्रक्रिया ही बेमानी साबित



हो रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि ठेकेदार को कई बार अवगत कराने के बावजूद वह किसी की सुनने को तैयार नहीं है। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। बदबू, गंदगी और अव्यवस्था के कारण आसपास रह रहे लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो चुका है। यदि शीघ्र मलबा नहीं हटाया गया तो स्थिति और भयावह हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए और मलबा हटाकर क्षेत्र को जल्द से जल्द राहत दी जाए।

**जल्द हटवाएंगे मलबा**

ठेकेदार का काम है नाली से गंदगी को साफ करना और मलबे को भी हटाना। मैं बात करता हूँ। जल्द ही मलबे को हटाने के लिए कहा जाएगा।

- सत्यप्रकाश कमल
स्टेशन मास्टर, चांपा

**बंद कराना पड़ेगा काम**

रेलवे की जमीन पर मलबा को रखा गया है। वहां पर न ही जेसीबी जाती है न ही टैक्टर। बहुत से लोग वहां रेलवे की जमीन पर कब्जा करके रह रहे है। मुझे काम को बंद कराना पड़ेगा।

-श्रीनिवास राव,
रेल पथ, एसएसपी

## नेशनल लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक में तय हुई रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आगामी नेशनल लोक अदालत 9 मई को लगाई जाएगी। लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक की गई। बैठक में नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर जयदीप गर्ग के निर्देशानुसार गणेशराम पटेल द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जांजगीर द्वारा समस्त जिला प्रशासन के विभागों से उपस्थित अधिकारियों के साथ वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करने हेतु कहा गया । अपने विभागों से संबंधित समस्त योजनाओं के संबंध में जागरूकता एवं सहायता प्रदान करने हेतु नेशनल लोक अदालत 9 मई को स्टॉल लगाने हेतु निर्देश दिया गया ताकि नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होने वाले न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक कर्मचारीगण, समस्त अधिवक्तागण एवं उपस्थित होने वाले समस्त पक्षकारों को सभी प्रकार के समस्त विभागों की योजनाओं का लाभ मिल सके। साथ ही नेशनल लोक अदालत के संबंध में सभी सार्वजनिक स्थानों व आम जनों में इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती रविंदर कौर विशेष न्यायाधीश पोक्सो जांजगीर, प्रवीण मिश्रा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जांजगीर, मनोज कुमार कुशवाहा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर चांपा, अंजू कंवर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जांजगीर, सुनील मिश्रा श्रमपदाधिकारी, गजेंद्र सिंह जायसवाल जिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी, बरखा मिहिर उपसंचालक समाज कल्याण विभाग, अनुपम कंवर महिला बाल विकास विभाग, कृषि विभाग एवं अन्य गौरव साहू यातायात विभाग, सुभाष चौबे यातायात थाना, विक्रम भगत जांजगीर नैला सीएमओ, दीक्षा पांडेय वन विभाग जांजगीर व अन्य उपस्थित रहे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते न्यायाधीश।

## आत्मदाह की चेतावनी के बाद अफसरों ने दिया कार्रवाई का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

अवैध रेत उत्खनन पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए पूर्व सरपंच माधव डड़सेना ने आत्मदाह की चेतावनी दी थी। इस पर अफसरों की टीम ने पहुंचकर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और भंडारण को लेकर शिकायतकर्ता पूर्व सरपंच माधव प्रसाद डडसेना ने खनिज विभाग पर आरोप लगाते हुए जहर सेवन कर आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। इस पर शिकायतकर्ता माधव प्रसाद डड़सेना के साथ तहसीलदार, थाना प्रभारी और खनिज विभाग के अधिकारीयो ने बैठक की। आश्वासन देकर मामला शांत कराया गया। शिकायतकर्ता माधव प्रसाद डडसेना के अनुसार पिपरदा, पुछेली, खपरीडीह, बम्हनीडीह, सोनाईडीह, गाँविन्दा और हसदेव नदी किनारे सिलाडीह तक बड़े पैमाने पर अवैध रेत उत्खनन और भंडारण किया जा रहा है, कई बार शिकायत देने के बाद भी खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे रेत माफियाओं का मनोबल बढ़ता जा रहा है ।शिकायतकर्ता के अनुसार बैठक में तरौद चौक, बनारी चौक हथनेवरा चौक में खनिज नाका चेक पोस्ट लगाने, अवैध रेत भंडारण जब्त करने और संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई करने पर सहमति बनी है। बैठक में तहसीलदार शशिभूषण सोनी, नायब तहसीलदार संजय बरेठ, माइनिंग इंस्पेक्टर आर एल राजपूत, थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह, पूर्व सरपंच राजकुमार पटेल, आकाश वैष्णव, महेंद्र जायसवाल, सहित अन्य अधिकारी एवं नागरिक मौजूद रहे।



बैठक में शिकायतकर्ता से चर्चा करते अधिकारी।

## राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआधाम में श्रीराम कथा का आयोजन 27 से

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण के समीप स्थित राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुआधाम में राम-जानकी ई मंडपम हॉल में जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी की श्रीराम कथा का आयोजन 27 अप्रैल से 5 मई तक किया जाएगा। नौ दिवसीय इस भव्य कथा का आयोजन राघव सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है।

समिति के संस्थापक एवं कथा वाचक डॉ. अशोक हरिवंश ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियों में समिति के सभी सदस्य और धर्मप्रेमी जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने ग्राम तेंदुआ में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का शिलान्यास किया था। कथा के दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य जी 'शबरी की निष्ठा' विषय पर नौ दिनों तक प्रवचन देंगे। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी। श्रद्धालुओं के लिए भंडारा और प्रसाद की भी विशेष व्यवस्था की गई है।आयोजन में देश के विभिन्न संतों और गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की संभावना है। अयोध्या से शंकराचार्य वासुदेवानंद जी महाराज एवं किन्नर अखाड़ा की मां किन्नर की उपस्थिति भी प्रस्तावित है। साथ ही कथा के एक दिन दिव्यांगजनों को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है, जिनके लिए बैठने की अलग से व्यवस्था की जाएगी।समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीराम कथा का श्रवण करने की अपील की है।



## शतरंज में डीपीएस जांजगीर-चांपा बना ओवरऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिला स्तरीय अंडर -10, अंडर-15 एवं ओपन कैटेगिरी की एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन ऑडिटोरियम, जाँजगीर कलेक्टोरेट चौक में किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल चांपा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विद्यालय की ओर से कुल 30 विद्यार्थियों ने सहभागिता की और अपनी सूझ-बूझ, धैर्य एवं रणनीतिक कौशल से सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता का वातावरण प्रतिस्पर्धात्मक होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान तथा अध्यक्ष के रूप में धीरेंद्र बाजपेयी की उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। संपूर्ण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डीपीएस जांजगीर चांपा को ओवरऑल चैम्पियन एवं बेस्ट स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। अन्वेषा राठौर को अंडर-15 बालिका वर्ग में तृतीय स्थान, स्मृति चिन्ह एवं 2000 नकद राशि, अनिका साहू को अंडर-10 बालिका वर्ग में तृतीय स्थान, स्मृति चिन्ह एवं 1500 नकद राशि सहित समस्त प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के खेल शिक्षक दीपक यादव विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।



विजेता टीम के साथ आयोजक समिति के पदाधिकारी।

### भीषण गर्मी में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास प्याऊ बना राहगीरों का सहारा

**जांजगीर-चांपा।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ द्वारा जनसेवा का अनवरत अभियान जारी है। विवेकानंद मार्ग स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास संचालित 'प्याऊ घर' को आज एक माह पूर्ण हो गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। जिसमें अशोक मेडिकल स्टोर जांजगीर के संचालक रिक्की शर्मा एवं लायंस क्लब जांजगीर नैला का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। 21 अप्रैल को इस सेवा केंद्र पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोखरा, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर और बी.आर. अंबेडकर ओपन रोवर क्रू के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर और रेंजर ने अपनी सेवाएँ दीं। सेवा कार्य का जायजा लेने और बच्चों का उत्साह बढ़ाने जिला सचिव दीपक कुमार यादव, व्याख्याता योगेन्द्र शुक्ला एवं डी.ओ.सी. गाइड कु. श्वेता जायसवाल पहुंचे। जिला युवा समिति अध्यक्ष मोहनीश बरेठ के नेतृत्व में 21 अप्रैल को कुल 27 स्वयं सेवकों की टीम ने सेवा प्रदान की।

### विद्या निकेतन विद्यालय परिसर में पूजन और महाआरती का आयोजन

# परशुराम जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, झूमते रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

परशुराम जन्मोत्सव पर पामगढ़ में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के समापन के पश्चात विद्या निकेतन विद्यालय परिसर में विधिवत पूजन और महाआरती संपन्न हुई।

अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य पर सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र द्वारा भगवान विष्णु के छठे अवतार, ब्राह्मण कुलभूषण भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अत्यंत भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में विप्र समाज के महिला, पुरुष और युवा एवं सर्व समाज से भक्त जन शामिल हुए। शोभायात्रा श्रीराम मंदिर चंडीपारा से प्रारंभ होकर तहसील चौक होते हुए विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची। भगवान परशुराम के जयघोष, मनमोहक कर्मा नृत्य और डीजे साउण्ड में भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते रहे। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने स्वल्पाहार, शीतल पेय पदार्थ आदि व्यवस्था किए हुए थे। शोभायात्रा के समापन के पश्चात विद्या निकेतन विद्यालय परिसर में विधिवत पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने भगवान परशुराम की चलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सर्व ब्राह्मण संगठन पामगढ़ क्षेत्र के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्वजातीय बंधुओं, प्रशासन और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता का संचार होता है और हमारी सांस्कृतिक विरासत सुदृढ़ होती है। इस दौरान रास्ते में श्रद्धालुओं को स्वल्पाहार व शीतल पदार्थ का वितरण किया गया।



शोभायात्रा में शामिल नगरवासी।

